जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

14 सितम्बर 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में हिंदी पखवाडा का उदघाटन समारोह आयोजित

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितम्बर 2023 को जामिया के मीर अनीस हॉल में 'हिंदी पखवाड़ा' का उद्‌घाटन समारोह आयोजित किया किया। जामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर (पद्मश्री) इस कार्यक्रम की संरक्षक हैं| इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक एवं जवाहरलाल अध्ययन केंद्र की मानद निदेशक प्रोफ़ेसर इंदु वीरेंद्रा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित कर्मचारियों का स्वागत करते हुए 'हिंदी पखवाड़ा' के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला|

उद्‌घाटन समारोह में जामिया के वित्त अधिकारी सी.ए. शेख सफीउल्लाह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जामिया के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश चन्द्र पन्त मुख्य अतिथि तथा जामिया के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर चन्द्र देव सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे| हिंदी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया और हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यालय को प्राप्त माननीय गृहमंत्री का लिखित सन्देश पढ़ा|

प्रोफ़ेसर इंदु वीरेंद्रा ने हिंदी दिवस की पृष्ठभूमि और उसके महत्त्व को रेखांकित करते हुए कार्यालयों में राजभाषा हिंदी को अधिक से अधिक प्रयोग करने की अपील की| उन्होंने कहा कि "जब तक हम हिंदी का उपयोग पूर्ण रूप से नहीं करेंगे तब तक हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता है|" प्रोफेसर चन्द्र देव सिंह यादव ने हिंदी भाषा की व्यापकता एवं उसके वैश्विक परिदृश्य की चर्चा की और राजभाषा के रूप में हिंदी वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला| प्रोफेसर गिरीश चन्द्र पन्त ने संस्कृत को हिंदी की जननी के रूप में रेखांकित करते हुए बोली जाने वाली भाषा के रूप में हिंदी व्यापकता की चर्चा की|

गौरतलब है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है, इस वर्ष भी हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'हिंदी पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन 14 सितम्बर से 29 सितम्बर 2023 तक किया जाएगा| 'हिंदी पखवाड़ा' के समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे|

इस अवसर पर शिक्षा संकाय की डीन प्रो. सारा बेग़म, सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. मुस्लिम खान, दंतचिकित्सा संकाय की डीन प्रो. किया सिरकर, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, उप-कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, अधिकारी और बड़ी संख्या में जामिया के कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रो. इंदु वीरेंद्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

AQUAFINA

***